स्मृति नगर में 51.36 लाख की लागत से निर्माण हो रहा है लॉन टेनिस कोर्ट, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया निरीक्षण, एजेंसी के कार्यों पर जताई नाराजगी

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने स्मृति नगर में निर्मित हो रहे लॉन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण किया इस दौरान तुलसी साहू , एल्डरमैन नरसिंहनाथ, केशव चौबे, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एजुकेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव प्रेम रंजन सिंह आदि मौजूद रहे! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर के सड़क नंबर 28 एवं 29 के मध्य बनने वाले लॉन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण श्री देवेंद्र यादव ने आज किया! उन्होंने एनआईटी के आधार पर टेनिस कोर्ट बनाने अधिकारियों को कहा और जोन के उप अभियंता को जमकर फटकार लगाई तथा एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की! महापौर ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा! महीने भर बाद महापौर ने दोबारा स्थल निरीक्षण करने की बात कही! लॉन टेनिस बनाने का कार्य अग्रवाल कंस्ट्रक्शन के सुदीप अग्रवाल को दिया गया है! टेनिस वेलफेयर सोसाइटी के सचिव प्रेम रंजन ने महापौर से शिकायत की थी कि एनआइटी के अनुरूप ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है , ग्राउंड लेवल से टेनिस कोर्ट का लेवल का मिलान नहीं हो रहा है और भी अन्य समस्याओं से अवगत कराया था! जिस पर महापौर निरीक्षण करने के लिए स्मृति नगर पहुंचे थे! 2 पार्ट में बनेगा लॉन टेनिस कोर्ट , चेंजिंग रूम की सुविधा भी 1620 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल मे टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है यह दो पार्ट में विभक्त रहेगा तथा इसी परिसर में चेंजिंग रूम भी बनाया गया है जोकि महिला एवं पुरुष दोनों के लिए होगा! स्मृति नगर के निवासियों की मांग पर महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल करते हुए लॉन टेनिस के निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं जिसका भूमि पूजन फरवरी में किया गया है ! खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए लॉन टेनिस का निर्माण हो रहा है! इस मैदान का उपयोग अब खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को निखारने में कर सकेंगे! जिमनास्टिक के उपस्थित कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि पहले हमें अन्यत्र स्थानों पर खेलने के लिए जाना पड़ता था परंतु अब स्मृति नगर में खेल की सुविधा मिलने से यहां अच्छे से अभ्यास कर सकेंगे! महापौर ने कहा कि शहर में बहुत प्रतिभावान खिलाड़ी है , जिन्हें इसका फायदा मिलेगा! निरीक्षण के दौरान निगम के जोन क्रमांक 1 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं उप अभियंता अरविंद शर्मा मौजूद रहे!